पत्रांकः– 1950 दिनांकः– 5/07/2023

बिहार सरकार

बिहार तकनीकी सेवा आयोग,
19, हार्डिंग रोड, पटना

विज्ञापन सं०–05/2023 (फार्मासिस्ट)

शुद्धि पत्र–सह–आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–05/2023, फार्मासिस्ट के पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक–05.04.2023 से 04.05.2023 तक Online आवेदन प्राप्त किया गया। तत्पश्चात् CWJC No.-1672/2023 में दिनांक–13.04.2023 को पारित आदेश के आलोक में दिनांक–19.05.2023 तक Online आवेदन की अवधि का विस्तार किया गया।

CWJC No.-1672/2023 एवं CWJC No.-7437/2023 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन हेतु विज्ञापन सं०–05/2023, फार्मासिस्ट के अन्तर्गत आवेदन प्राप्त करने हेतु Software में आवश्यक संशोधन कर दिया गया है। तदनुसार Diploma in Pharmacy एवं B.Pharma/M.Pharma शैक्षणिक योग्यताधारी सभी अभ्यर्थियों से पुनः Online आवेदन करने हेतु **दिनांक–06.07.2023 से दिनांक–21.07.2023 तक** तिथि निर्धारित किया जाता है।

नोटः–(i) अभ्यर्थी Online आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के पूर्व Website पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एव Online आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निदेश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।

(ii) वैसे अभ्यर्थी, जो Bihar Pharmacy Council से रजिस्ट्रीकृत नहीं हैं, को Bihar Pharmacy Council से रजिस्ट्रीकृत होने हेतु किये गये आवेदन को साथ Online आवेदन में संलग्न (upload) करना अनिवार्य होगा।

(iii) विज्ञापन के कंडिका–01(iii) एवं नियमावली के अनुसार Bihar Pharmacy Council से रजिस्ट्रीकृत नहीं अभ्यर्थियों को Counselling से पूर्व रजिस्ट्रीकृत होने के पश्चात् ही Counselling हेतु आमंत्रित किया जायेगा। इस हेतु आयोग के Website पर Online Portal के माध्यम से Counselling के पूर्व तिथि निर्धारित कर वैसे अभ्यर्थियों से Bihar Pharmacy Council का Registration प्रमाण–पत्र upload कराया जायेगा।

(iv) CWJC No.-7437/2023 में दिनांक–17.05.2023 को पारित अंतरिम आदेश के अंश "We make it clear that the applications now permitted, of the graduates and post graduates, is subject to the final resolution of the controversy raised in the writ petitions" के आलोक में B.Pharma/M.Pharma योग्यताधारी अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता CWJC No.-7437/2023 के फलाफल से प्रभावित होगी।

(v) शैक्षणिक प्रमाण–पत्र यथा– Intermediate एवं Diploma in Pharmacy/B.Pharma/ M.Pharma का प्रमाण–पत्र/औपबंधिक प्रमाण–पत्र (Certificate/Provisional Certificate) एवं अंक पत्र (Marksheet) **दिनांक–04.05.2023** के पूर्व का निर्गत होने पर मान्य होगा। शेष प्रमाण–पत्र **दिनांक–21.07.2023** तक का निर्गत मान्य किया जायेगा। किन्तु कार्यानुभव अवधि की गणना विज्ञापन की **कंडिका–3, नोट–(ii)** के अनुसार **दिनांक–05.04.2023** तक ही की जायेगी।

(vi) वैसे अभ्यर्थी जो पूर्व में Online आवेदन भर चुके है, उन्हें दुबारा Online आवेदन भरने की आवश्यकता नहीं है।

(vii) विज्ञापन सं०–05/2023 को इस हद तक संशोधित किया जाता है। शेष सभी शर्ते यथावत रहेंगी।

Sd/- 5.7.2023

उप सचिव,

बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।

Web: RojgarBihar.Com

www.RojgarBihar.Com